| |
|---|
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या 04 |
| कुल छपे प्रश्नों की संख्या 24 |

# वार्षिक परीक्षा सत्र - 2023-24
## विषय : हिन्दी अनिवार्य
## कक्षा : XI (ग्यारहवीं)

(NKT) XI - हिन्दी अनिवार्य

नामांक

समय : 3.15 घण्टे

पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. सर्वप्रथम परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र पर अपना नामांक अवश्य लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 6

देश-प्रेम क्या है? प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलम्बन क्या है? सारा देश अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी, नाले, वन-पर्वत सहित सारी भूमि। यह प्रेम किस प्रकार का है? यह साहचर्य प्रेम है, जिनके मध्य हम रहते हैं, जिन्हें बराबर आँखों से देखते हैं, जिनकी बातें बराबर सुनते हैं, जिनका और हमारा हर घड़ी का साथ रहता है, जिनके सानिध्य का हमें अभ्यास हो जाता है, उनके प्रति लोभ या राग हो सकता है। देश-प्रेम यदि वास्तव में अन्तःकरण का कोई भाव है तो यही हो सकता है।

(i) देश-प्रेम का आलम्बन माना गया है -
(क) पशु-पक्षी (ख) नदी-नाले (ग) मनुष्य (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) देश-प्रेम किस कोटि का माना जाता है -
(क) साहचर्यगत (ख) असाहचर्यगत (ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) सानिध्य से उत्पन्न होता है -
(क) क्रोध-उपेक्षा (ख) नफरत-हिंसा (ग) लोभ-राग (घ) आकर्षण-अपेक्षा

(iv) देश-प्रेम वास्तव में भाव माना जाता है -
(क) अन्तःकरण का (ख) बाह्यकरण का (ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(v) साहचर्यगत प्रेम की क्रियाएँ हैं -
(क) साथ रहना (ख) आँखों से देखना (ग) बराबर सुनना (घ) उपर्युक्त सभी

(vi) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है -
(क) प्रेम (ख) देश-प्रेम (ग) साहचर्य-प्रेम (घ) पृथ्वी

2. निम्न अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 6

चाह नहीं, मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर
हे हरि! डाला जाऊँ
चाह नहीं, देवों के सिर पर
चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ

मुझे तोड़ लेना वनमाली,
उस पथ पर तुम देना फेंक
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ पर जाएँ वीर अनेक।

कृ.पृ.उ.

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

(i) कवि किसकी इच्छा का वर्णन कर रहे हैं?

(क) पेड़ (ख) वीर (ग) पुष्प (घ) वनमाली

(ii) पुष्प की अभिलाषा है -

(क) सुन्दरी के बालों में सजना (ख) सम्राटों के शव पर चढ़ना

(ग) ईश्वर को अर्पित करना (घ) वीरों के रास्ते में सजना

(iii) इन पंक्तियों में पुष्प की कौनसी भावना व्यक्त होती है -

(क) सौन्दर्य प्रेम (ख) राष्ट्र प्रेम (ग) ईश्वर प्रेम (घ) शृंगार प्रेम

(iv) 'चाह नहीं देवों के सिर पर इठलाऊँ' में 'चाह' का अर्थ है -

(क) इच्छा (ख) अभिलाषा (ग) कामना (घ) सभी

(v) कौनसा कथन सत्य है -

(क) पुष्प शृंगार में सजना चाहता है। (ख) पुष्प देवों के सिर पर चढ़कर इठलाना चाहता है।

(ग) पुष्प सम्राटों के शवों पर बिखरना चाहता है। (घ) वीरों के पद-मार्ग में बिखरना चाहता है।

(vi) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है -

(क) पुष्प की अभिलाषा (ख) वनमाली की अभिलाषा

(ग) वीरों की अभिलाषा (घ) मातृभूमि

3. निम्न प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य के रूप में दीजिए- 5

(i) 'नमक का दारोगा' प्रेमचन्द की प्रसिद्ध कहानी है। (सत्य/असत्य)

(ii) 'पथेर पांचाली' पहली बोलती फिल्म है। (सत्य/असत्य)

(iii) 'रजनी' मन्नू भंडारी द्वारा उचित समस्या प्रधान पटकथा है। (सत्य/असत्य)

(iv) कबीर आदिकाल के कवि हैं। (सत्य/असत्य)

(v) त्रिलोचन हिन्दी में सानेट (अंग्रेजी छंद) को स्थापित करने वाले कवि के रूप में जाने जाते हैं। (सत्य/असत्य)

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 5

(i) मीरा की भक्ति .............. की है। (दास्यभाव / प्रेमभाव)

(ii) 'घर की याद' कविता ............ की है। (भवानीप्रसाद मिश्र/सुमित्रानन्दन पंत)

(iii) हिन्दी में गजल विधा अपनाने का श्रेय .............. को दिया जाता है। (नागार्जुन/दुष्यन्त कुमार)

(iv) 'स्पीति में बारिश' एक ............... है। (कहानी/यात्रा वृत्तान्त)

(v) कृष्णा सोबती का जन्म सन् ............ में हुआ था। (1925/1921)

निम्न प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्ति में लिखें - 10

(i) 'पथेर पांचाली' फिल्म में बाल-कलाकारों के नाम क्या थे?

(ii) 'शिवशम्भू के चिट्ठे' व्यंग्य रचना किसकी है?

(iii) स्पीति में कितनी ऋतुएँ होती हैं?

(iv) 'जामुन का पेड़' कहानी में किस पर व्यंग्य किया गया है?

(v) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा?

(vi) 'पाँचवें को वे न तरसें।' इसमें कवि ने क्या इच्छा व्यक्त की है?

(vii) 'निर्मला पुतुला' का जन्म कब व कहाँ हुआ?



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

(viii) लता की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?

(ix) 'राजस्थान की रजत बूँदें' किन्हें कहा गया है?

(x) 'आलो-आँधारि' रचना किस भाषा में लिखी गई थी?

6. कुमार गंधर्व ने लता को बेजोड़ गायिका और युग का चमत्कार क्यों कहा है? 2

7. "कुंई हर दिन सोने का अण्डा देने वाली मुर्गी की कहानी चरितार्थ करती है।" कैसे? 2

8. महेश पढ़ता है और गीता खेलती है। प्रयुक्त वाक्य में कौनसा वाक्य है। उसकी परिभाषा भी लिखिए। 2

9. 'पथेर पांचाली' फिल्म के निर्देशक को फिल्म निर्माण में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा? 2

10. भारत माता के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी? 2

11. मीरा ने सहज मिले अविनासी क्यों कहा है? 2

12. 'सबसे खतरनाक होता है, मुर्दा शांति से भर जाना' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

13. निर्मला पुतुल ने 'आओ, मिलकर बचाएँ' कविता में किसका चित्रण किया है? 2

14. 'रजनी' पटकथा के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए प्रमुख पात्र रजनी का चरित्र चित्रण कीजिए। 6

अथवा

'नमक का दारोगा' कहानी के प्रमुख पात्र वंशीधर के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।

15. 'घर की याद' कविता का मूल भाव स्पष्ट करते हुए बताइये कि घर से अलग होकर आप किस तरह याद करते हैं? 6

अथवा

'सबसे खतरनाक' कविता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए।

16. चित्रपट संगीत समाज की संगीत विषयक अभिरुचि में प्रभावशाली मोड़ लाया है।' लेखक के कथन की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा

" 'आलो-आँधारि' आत्म कथांश में स्त्री-जीवन की दयनीय समस्या को उभारा गया है।" इस कथन के आधार पर बेबी हालदार के समक्ष आयी समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

17. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 6

छुट्टी के समय जब मास्साब ने उससे दुबारा पहाड़ा सुनाने को कहा तो तीसरी सीढ़ी तक पहुँचते-पहुँचते वह फिर लड़खड़ा गया था। लेकिन इस बार मास्टर त्रिलोक सिंह ने उसके लाए हुए बेंत का उपयोग करने की बजाए जबान की चाबुक लगा दी थी, 'तेरे दिमाग में लोहा भरा है रे! विद्या का ताप कहाँ लगेगा इसमें?' अपने थैले से पाँच-छह दराँतियाँ निकालकर उन्होंने धनराम को धार लाने के लिए पकड़ा दी थी। किताबों की विद्या का ताप लगाने की सामर्थ्य धनराम के पिता की नहीं थी।

अथवा

देखो, तुम मुझे गुस्सा दिला रहे हो रवि..... गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनहगार नहीं होता, जैसा लीला बेन और कांतिभाई और हजारों हजार माँ-बाप। लेकिन सबसे बड़ा गुनहगार तो वह है जो चारों तरफ अन्याय, अत्याचार और तरह-तरह की धाँधलियों को देखकर भी चुप बैठा रहता है जैसे तुम।



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

18. निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 6

संतो देखत जग बौराना।
साँच कहौं तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।।
नेमी देखा धरमी देखा, प्रात करै असनाना।
आतम मारि पखानहिं पूजै, उनमें कछु नहीं ज्ञाना।।
बहुतक देखा पीर औलिया, पढ़ै कितेब कुराना।
कै मुरीद तदबीर बतावै, उनमें उहै जो ज्ञाना।।
आसन मारि डिंभ धरि बैठे, मन में बहुत गुमाना।
पीपर पाथर पूजन लागे, तीरथ गर्व भुलाना।।

अथवा

जब गंभीर तम अर्द्ध-निशा में जग को ढक लेता है।
अंतरिक्ष की छत पर तारों को छिटका देता है।
सस्मित-वदन जगत का स्वामी मृदु गति से आता है।
तट पर खड़ा गगन-गंगा के मधुर गीत गाता है।।

19. 'युवाओं में बढ़ती फैशन परस्ती' विषय पर फीचर लिखिए। 4

20. विद्यालय में मनाये गए 'कैरियर डे' पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4

21. निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - 2

(i) बादल (ii) चन्द्रमा

22. निम्न मुहावरों के अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए - 2

(i) गागर में सागर भरना (ii) रंग में भंग पड़ना

23. जिलाधीश नीम का थाना की ओर से स्वास्थ्य सचिव, राजस्थान सरकार को अपने क्षेत्र में फैली अज्ञात बीमारी में राहत दिलवाने हेतु राजधानी से चिकित्सकों की टीम भिजवाने हेतु एक कार्यालयी पत्र लिखिए। 5

अथवा

प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर की ओर से पुलिस अधीक्षक, सीकर को एक सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में उचित पुलिस बल नियुक्त करने का आग्रह किया गया हो।

24. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए - 5

(i) मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप (ii) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार योग
(iii) विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा की उपयोगिता (iv) बेरोजगारी एक समस्या

*****



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner